**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to allocate funds for development programmes in Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

**श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर):** अध्यक्ष महोदय, आज बहुत बड़ा दिन है । मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि भारत सरकार ने भरतपुर जिले को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल किया हुआ है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना में वहां किसी भी प्रकार का विकास नहीं हुआ है । मेरे लोक सभा क्षेत्र भरतपुर के निवासियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । किसानों के दस साल से पुराने ट्रैक्टरों का रजिस्ट्रेशन बन्द है, भू उपयोग परिवर्तन में बहुत लम्बी प्रक्रिया अपनानी पड़ रही है । सड़क सम्पर्क की स्थिति ठीक नहीं है । आपके माध्यम से, मेरा अनुरोध है राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भरतपुर जिले में आधारभूत संरचना के विकास हेतु बजट आवंटित किया जाए और किसानों के पुराने ट्रैक्टरों के रजिस्ट्रेशन आदि से पाबन्दी हटाई जाए । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती रंजीता कोली जी जब प्रचार करती थीं, तब नहीं बोलती थीं, लेकिन यहां संसद में हर बार बोलती हैं ।